प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

नर्सरी स्कूल एवं कोपल डे–केयर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

पंतनगर। 5 नवम्बर 2026। मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग के अंतर्गत संचालित नर्सरी स्कूल एवं कोपल डे–केयर में बाल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. अलका गोयल रहीं।

इस अवसर पर नन्हें बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद, मनोरंजक गतिविधियों एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि डा. अलका गोयल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आनंदमय वातावरण उपलब्ध कराने के साथ–साथ उनकी रचनात्मकता, सहभागिता एवं आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का आयोजन मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अदिति वत्स के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर खाद्य एवं पोषण विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अर्चना कुशवाहा तथा वस्त्र एवं परिधान विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अनिता रानी सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



निदेशक संचार